फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, जयपुर,

गोहन लाल बनाम ए सी एम बस्सी व अन्य

केस संख्या 17 /2021 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
18.01.2021	दरख्वास्तगुजार ने सहायक कलक्टर बस्सी जिला जयपुर के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 24/2018 ब–उनवानी छीतर बनाम मोहन लाल में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। सहायक कलक्टर बस्सी जिला जयपुर से बिन्दुवार टिप्पणी तलब हो। नोटिस विपक्षीगण रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 16.02.2021 को पेश हो। जिला कलक्टर जयपुर	जारी 248 18-1-2021
16/2/21	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर बस्सी के पीठासीन अधिकारी श्री नीरज कुमार मीणा आर ए एस का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर बस्सी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 24/2018 ब उनवानी छीतर बनाम मोहन लाल व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री नीरज कुमार मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर बस्सी के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री नीरज कुमार मीणा आर ए एस का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 16/2/21 (अन्तर सिंह नेहरा) जिला कलक्टर जयपुर	